दैनिक जागरण 22/02/2025

# जीएमएन कालेज में मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जागरण संवाददाता • अंबाला : जीएमएन कालेज अंबाला कैंट के मनोविज्ञान विभाग, मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और मानसिक स्वास्थ्य क्लब ने मानसिक स्वास्थ्य पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। डा. अनुपमा सिहाग ने बताया प्रतियोगिता मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, छात्रों को कला के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करने और रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर केंद्रित थी, जिसमें तनाव और चिंता, अवसाद और अकेलापन, आशा और लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शामिल थी। इस दौरान डा. शिखा जग्गी और डा. मीनू राठी निर्णायक रहीं। रिंकी पहले स्थान पर, मनप्रीत दूसरे स्थान पर और रिया तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों को बधाई दी।



जीएमएन कालेज में प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। • सौजन्य विज्ञप्ति

कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा गांव उगाड़ा में कैंप लगाया, जिसमें योग के बारे में जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हिंदी विभाग, पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव उगाड़ा में कार्यक्रम किया। कालेज में मैनेजमेंट विभाग द्वारा वाणिज्य विभाग के सहयोग से बीबीए एवं बीकाम फाइनल के विद्यार्थियों के लिए भविष्य में सरकारी एवं गैर सरकारी विभाग में नौकरियों के अवसरों पर सेमिनार का आयोजन किया गया।